राजस्थान सरकार दूरभाष–0291–2577144

(सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग)

कार्यालय, प्रधानाचार्य डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय आवासीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मण्डोर, जोधपुर

दिनांक 01/06/2017

## खुली निविदा सूचना संख्या 01/2017–18

राजस्थान रेजिडेन्सियल एज्यूकेशनल इन्सटीट्यूशनल सोसायटी(राईस) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जयपुर के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन संचालित डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय आवासीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मण्डोर, जोधपुर में शैक्षणिक सत्र 2017–18 हेतु अध्ययनरत/प्रवेशित् अधिकतम 560 विद्यार्थियों के लिए निम्नानुसार विभिन्न कार्यों हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है–

| क्र.सं. | कार्य/सामग्री का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत(लाखों में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | निविदा प्रपत्र बेचने की दिनांक व समय | निविदा प्रपत्र जमा करवाने की दिनांक व समय | निविदा खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों हेतु दो समय खाना बनाने, नाश्ता बनाने व( वितरण) रसोई एवं खाना बनाने के बर्तनों की साफ सफाई हेतु रसोईयों की व्यवस्था(10माह के लिए) | 8.00 | 16,000 | 200 | 03.06.2017 से 17.06.2017 को दोपहर 02.00 बजे तक | 19.06.2017 दोपहर 1.00 बजे तक | 19.06.2017 दोपहर 2.00 बजे |
| 02. | सफाई व्यवस्था( सम्पूर्ण विद्यालय परिसर) वर्ष पर्यन्त | 5.50 | 11,000 | 200 | --do-- | --do-- | --do-- |
| 03. | जल वितरण एवं अनुरक्षण (पौध अनुरक्षण, डीजी सैट संचालन, व विद्युत अनुरक्षण व्यवस्था) वर्ष पर्यन्त | 2.70 | 5,400 | 200 | --do-- | --do-- | --do-- |
| 04. | प्रयोगशाला सहायक–3, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी–01 प्रयोगशाला सेवक–01 (10 माह हेतु) | 3.00 | 6,000 | 200 | --do-- | --do-- | --do-- |
| 05. | आवासीय विद्यालय में आवासरत् छात्रों हेतु हरी सब्जी व फल की व्यवस्था(10 माह हेतु) | 8.12 | 16,240 | 200 | --do-- | --do-- | --do-- |
| 06. | बाल कटिंग | 1.40 | 2800 | 200 | --do-- | --do-- | --do-- |
| 07. | स्कूल यूनिफॉर्म की सिलाई | 1.50 | 2400 | 200 | --do-- | --do-- | --do-- |

शर्तें:–

1. निविदा निर्धारित प्रपत्र में प्रत्येक कार्य हेतु अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में प्रस्तुत की जायेगी। प्रत्येक लिफाफे पर मोटे एवं स्पष्ट अक्षरों में निविदादाता **फर्म का नाम, पता एवं कार्य/सामग्री** का उल्लेख करना होगा। **पेन्सिल से भरी हुई निविदाऐं मान्य नहीं होगी।**
2. क्रमांक 1 से 4 तक का **कार्य/सेवाऐं जॉब बेसिस के आधार पर** पंजीकृत अनुभवी ठेकेदार/सक्षम रजिस्टर्ड संस्थाओं से संविदा पर करवायी जायेगी।
3. निविदा प्रपत्र प्रत्येक कार्यदिवस में प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक निर्धारित शुल्क का नकद भुगतान पर प्राप्त किये जा सकते है।
4. **निर्धारित समय के पश्चात् प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।**
5. प्राप्त निविदायें निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय/उपापन समिति द्वारा खोली जायेगी।
6. निविदा या उसके किसी भाग को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षकर्त्ता के पास सुरक्षित रहेगा।
7. डाक से भेजी गई निविदाऐं मान्य नहीं होगी।
8. **क्रम संख्या 01 तथा 05 पर अंकित निविदाओं के लिए भारतीय खाद्य संस्था एवं मानकीकरण अधिनियम के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैद्य पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।**
9. धरोहर राशि के बिना निविदा स्वीकार नहीं होगी।
10. धरोहर/प्रतिभूति राशि केवल डीडी/बैंकर चैक के रूप में ही स्वीकार की जायेगी,तथा प्रत्येक निविदा के लिए अलग–अलग डीडी प्रस्तुत करने होंगे।
11. निविदा खोलने की दिनांक को यदि राजकीय अवकाश हो तो उक्त दिनांक को खोली जाने वाली निविदायें अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी।
12. कार्य की अन्य शर्ते व नियम कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से 2 तक देखी जा सकती है।
13. **सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।**
14. **सामान्य वित्त व लेखा नियम/राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012/लोक उपापन में पारदर्शिताग नियम 2013 की समस्त शर्त व राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी समस्त निर्देश मान्य होंगे।**

**नोट :–निविदादात्ता को तकनीकी निविदा व वित्तीय निविदा को पृथक्–पृथक् लिफाफों मे सील बंद कर डालना होगा। तकनीकी निविदा में सफल निविदादात्ता की ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी, तकनीकी निविदा में असफल निविदा दात्ता की वित्तीय निविदादात्ता की वित्तीय निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।**

01/06/2017

(सुरेशाराम)
प्रधानाचार्य
डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय आवासीय
उच्च माध्यमिक विद्यालय मण्डोर,जोधपुर।

प्रधानाचार्य
डॉ. भीमराव अम्बेडकर
राजकीय आवासीय उ.मा., विद्यालय
मण्डोर, जोधपुर

**कार्यालय प्रधानाचार्य डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय आवासीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मण्डोर, जोधपुर**

**खुली निविदा सूचना संख्या 01/2017–18**

डॉ. भीमराव अम्बेडकर राज. आवासीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मण्डोर, जोधपुर में शैक्षणिक सत्र 2017–18 में आवासरत्/प्रवेशित होने वाले अधिकतम 560 छात्रों के उपयोग हेतु नाश्ता व खाना बनाने ( 8 लाख), सफाई व्यवस्था (6.20 लाख), जल वितरण व अनुरक्षण डी.जी. सैट संचालन व विद्युत अनुरक्षण (2.70 लाख), प्रयोगशाला सहायक, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी व प्रयोगशाला सेवक (3.00 लाख), हरी सब्जी व फल (8.12 लाख), बाल कटिंग (1.40 लाख) व यूनिफार्म की सिलाई (1.50 लाख) के कार्य हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र दिनांक 03.06.2017 से 17.06.2017 तक प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। भरे हुए निविदा फार्म दिनांक 19.06.2017 को दोपहर 01.00 बजे तक कार्यालय में जमा करवाये जा सकते है। निविदा दिनांक 19.06.2017 को उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख दोपहर 02.00 बजे खोली जायेगी। निविदादात्ता अधिक जानकारी के लिए विभागीय वेबसाइट www.sje.rajasthan.gov.in तथा राजस्थान सरकार के लोक उपापन पोर्टल वेबसाइट sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल पर देख सकते है।

01/06/2017

**नोटः– समस्त संविदा सेवाऐं पूर्णतः जॉब बेसिस पर आमंत्रित की जाती है।**

(सुरेशाराम)
प्रधानाचार्य

प्रधानाचार्य
डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय आवासीय उ.मा. विद्यालय
मण्डोर, जोधपुर